जानकारी ▶ मझौली में दंत चिकित्सा सेवाओं को लेकर दायर सूचना का अधिकार आवेदन पर मांगे गए थे जवाब

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली की दंत सेवाओं पर उठे सवाल




**मझौली (जबलपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में दंत चिकित्सा सेवाओं को लेकर दायर सूचना का अधिकार आवेदन के जवाब ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। आवेदक शिवम साहू द्वारा वर्ष 2020 से 2025 के बीच दंत उपचार, डेंटल इम्प्लांट और संभावित अनियमितताओं संबंधी जानकारी मांगी गई थी, लेकिन प्राप्त उत्तर को लेकर अब पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कार्यालय से जारी पत्र क्रमांक क्र./लेखा./2026/2342 दिनांक 26/02/26 में जो आंकड़े दिए गए, वे वर्ष 2023 से आगे के हैं, जबकि आरटीआई में स्पष्ट रूप से 2020 से 2025 तक की वर्षवार जानकारी मांगी गई थी। 2020, 2021 और 2022 का कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। जानकारों का कहना है कि यह अधूरी जानकारी आरटीआई अधिनियम की भावना के विपरीत है। जवाब में स्पष्ट किया गया है कि अस्पताल में डेंटल इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध नहीं है और किसी निजी क्लिनिक से कोई अनुबंध भी नहीं है। लेकिन स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह आरोप लगते रहे हैं कि मरीजों को निजी संस्थानों की ओर मार्गदर्शित किया जाता है। यदि कोई औपचारिक रिफरल व्यवस्था नहीं है, तो मरीजों को किस आधार पर और किसके निर्देश पर बाहर भेजा जाता है, यह सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।

### 2023 से अब तक कोई अनुदान नहीं हुआ प्राप्त

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दंत विभाग को वर्ष 2023 से अब तक कोई शासकीय बजट/अनुदान प्राप्त नहीं हुआ और न ही उपकरण क्रय किए गए। वर्ष 2025-26 में विधायक की अनुशंसा पर बैंक ऑफ इंडिया सिहोरा द्वारा डेंटल यूनिट उपलब्ध कराए जाने का उल्लेख है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि बिना बजट और उपकरणों के हजारों मरीजों का उपचार किस संसाधन से हुआ? पत्र में यह भी कहा गया है कि विगत 5 वर्षों में दंत सेवाओं को लेकर कोई शिकायत, जांच या ऑडिट नहीं हुआ। जबकि क्षेत्र में अपूर्ण सेवाओं और पारदर्शिता की कमी को लेकर चर्चा होती रही है। यदि शिकायतें थीं, तो उनका रिकॉर्ड क्यों नहीं? और यदि नहीं थीं, तो असंतोष की आवाजें किस आधार पर उठ रही हैं?

### दंडात्मक कार्रवाई पर किया जाए विचार

स्वास्थ्य सेवाएं सीधे जनहित से जुड़ी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि 2020 से 2022 तक के अभिलेख सार्वजनिक किए जाएं, ओपीडी रजिस्टर और उपस्थिति रिकार्ड की स्वतंत्र जांच हो, और यदि सूचना अधूरी या भ्रामक पाई जाती है तो दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई का विचार किया जाए।

# धान उपार्जन का भुगतान नहीं होने पर किसान आक्रोशित

▶ 'अर्थी यात्रा' निकाल कर जताया विरोध




**मझौली संवाददाता।** धान उपार्जन का भुगतान न मिलने से आक्रोशित किसानों ने 25 दिनों से जारी धरना प्रदर्शन के बाद आंदोलन को नया और प्रतीकात्मक रूप दे दिया। किसान संघ मझौली इकाई के बैनर तले किसानों ने शासन-प्रशासन की 'अर्थी यात्रा' निकालकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। किसानों का आरोप है कि तहसील मझौली क्षेत्र के 174 किसानों को धान बिक्री के बाद भी अब तक वेयरहाउस के माध्यम से भुगतान नहीं मिला है। बार-बार ज्ञापन और धरना देने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसान आक्रोशित हैं। जानकारी के अनुसार किसान संघ के आह्वान पर शुक्रवार दोपहर 1 बजे पुरानी मोहन दुकान से तहसील कार्यालय तक अर्थी यात्रा निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक बकाया भुगतान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। किसानों का कहना है कि धान की लागत, कर्ज और पारिवारिक जरूरतों के बीच भुगतान अटकने से वे आर्थिक संकट में हैं।

**निगाहें प्रशासन पर टिकीं-** अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस बढ़ते किसान आक्रोश को कैसे संभालता है। फिलहाल मझौली में किसान आंदोलन ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। संघ के पदाधिकारियों वीरेंद्र पटेल, रंजीत पटेल और राकेश पटेल ने कहा कि 'शासन किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की बात करता है, लेकिन महीनों तक भुगतान रोककर उन्हें मजबूर किया जा रहा है।' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा।

**कुछ इस तरह की हैं मांगें-** धरना प्रदर्शन के 25 दिन पूरे होने के बाद यह विरोध प्रदर्शन प्रशासन के लिए चेतावनी माना जा रहा है। किसानों ने मांग की है कि 174 किसानों का बकाया भुगतान तत्काल जारी किया जाए, वेयरहाउस स्तर पर लंबित प्रकरणों की जांच हो और भविष्य में भुगतान में देरी न हो इसके लिए स्पष्ट समयसीमा तय की जाए।

# नंदीश्वर दीप विधान में हो रही सिद्धों की आराधना



**पाटन।** पाटन के पास स्थित जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलगिरी कोनी जी में महाराष्ट्र से आए भक्तों के द्वारा अष्टान्निका महापर्व के अवसर पर नंदीश्वर दीप महामंडल विधान का बड़े ही भक्ति भाव से आयोजन किया जा रहा है।

भक्तों द्वारा प्रतिदिन सुबह भगवान के अभिषेक शांति धारा के साथ विधान एवं अर्घावली के साथ पूजन संगीत के माध्यम से सिद्धों की आराधना हो रही है जिससे कि पूरा वातावरण धर्ममय है। संभाजी नगर महाराष्ट्र से आए भक्तों की जिनेंद्र देव के प्रति आराधना देखने लायक है वहीं इस आयोजन में पाटन नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में धर्म प्रीमिबंधु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। शुक्रवार को पाटन समाज के अध्यक्ष बालचंद जैन के द्वारा प्रभु की भव्य शांति धारा की गई। जिस दौरान बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

## उमेश श्रीवास्तव का निधन



**पनागर।** आजाद वार्ड निवासी उमेश श्रीवास्तव का आज 27 फरवरी को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, अंतिम संस्कार 28 फरवरी सुबह 9 बजे लाला जी के बगीचा आजाद वार्ड मे होगा। आप सुमित श्रीवास्तव एवं सुलभ श्रीवास्तव के पिता एवं अशोक श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अंजय श्रीवास्तव, सुरजीत श्रीवास्तव के चाचा थे।

# शराबियों पर होगी सख्त कार्रवाई, डीजे रहेगा पूर्णत: प्रतिबंधित

▶ सिहोरा में शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



**सिहोरा, नवभारत।** शुक्रवार शाम पुलिस थाना गोसलपुर प्रांगण में थाना प्रभारी गाजीवती कोसाम की विशेष उपस्थिति में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में आगामी होलिकोत्सव एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में थाना प्रभारी गाजीवती कोसाम ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने का सभी से आग्रह किया शांति समिति की बैठक में उपस्थित जनों ने शराबियों व अन्य क्षेत्र में संगठित रूप से अपराध करने वाले माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए साथ ही परीक्षा सत्र को देखते हुए डीजे पर पूर्णत प्रतिबंधित रहने के लिए भी समितियों को समझाइश दी।

इस मौके पर कनिष्ठ यंत्री रमेश सिंहा एसाई मीनू मरकाम एएसआई रमेश तिवारी राजीव तिवारी अजीम खान रवि सिंह सुरेंद्र श्रीवास अतुल अवस्थी गनपत सिंह चौहान, जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी गोलू जैन मनीष साहू विजय दुबे माजिद भाईजान सहित अनेक लोग उपस्थित थे। बैठक में सभी लोगों ने शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

## पवन जैन का निधन



**जबलपुर, नवभारत।** संगम कॉलोनी निवासी पवन जैन का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्राआज सुबह 10 बजे 28 फरवरी को निज निवास, संगम कॉलोनी जैन मंदिर के पास से रानीताल मुक्ति धाम के लिएजाएगी।

## गोविंद केशरवानी का निधन



**जबलपुर, नवभारत।** गोविंद केशरवानी 85 वर्ष शंकर घी भंडार गढ़ा फाटक निवासी का निधन हो गया है। वे राजेन्द्र, प्रभात, ब्रजेश केशरवानी के पिता थे एवं संदीप, प्रदीप केशरवानी के मामा थे। इनका अंतिम संस्काररानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# केजरीवाल व मनीष के बरी होने पर सिहोरा में मनाया जशन




**सिहोरा, नवभारत।** नई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा कथित शराब घोटाले प्रकरण में अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया को बरी किए जाने के निर्णय के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में देशभर में हर्ष का माहौल देखा गया। इसी क्रम में सिहोरा में भी कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की। सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई वितरित कर बम पटाखे फोड़े एवं ढोल नंगाड़ों के साथ गुलाल उड़ाई गई। इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे 'सत्य की जीत' बताया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर लगाए गए आरोप निराधार थे।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय न केवल पार्टी के लिए बल्कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। सिहोरा कार्यालय पर हुए इस आयोजन में कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समर्थक जिनमें विधानसभा अध्यक्ष संतोष वर्मा, मुन्ना राय, संजय पाठक, जितेंद्र श्रीवास अमजद मंसूरी ,गुलाब सिंह मरकाम, जानकी प्रजापति राजेश तिवारी, अमित विश्वकर्मा, संगीता विश्वकर्मा,सुमन पटेल, घनश्याम महोबिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र....../ 6/ 2025-2026
जबलपुर, दिनांक 27.02.2026

**// आम इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि आवेदक सावित्री देवी नेमा अन्य पिता ज्ञान प्रकाश निवासी-696, गढ़ाफाटक गुप्ता कॉलोनी जबलपुर के द्वारा मौजा हिनौतिया नजूल ब्लॉक नंबर .......प्लॉट नंबर..... स्थित भूमि खसरा नंबर 55/1/1/1 में से रकवा 1500 वर्गफुट भूमि पर नारायण प्रसाद द्विवेदी अन्य की क्रय दिनांक 12/5/1956 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/3/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 27/2/26
पेशी दिनांक 16/3/26
मुहर

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर



**JABALPUR MUNICIPAL CORPORATION**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

No./HD/2026/PRO/933 Date : 27/02/2026

Online bids are Invited from eligible bidders for **"Engagement of Agency For Design, Development and Installation of Gantry In Jabalpur Municipal Corporation Control Area On Built Operate And Transfer Basis (BOT)" (Package JMCGP001 to JMCGP003).** The successful bidder will be having rights to display advertisement as per the conditions mentioned in the RFP.

| | |
|---|---|
| Cost of RFP | ₹5000/- |
| Earnest Money Deposit | ₹, 30,000/- |
| Issue Of RFP | 02/03/2026 |
| Pre Bid Meeting | 17/03/2026, 16:00 Hrs |
| Bid Submission End Date | 31-03-2026, 17.00 Hrs |
| Opening Of Technical Bid | 01-04-2026, 17.00 Hrs |
| Opening Of Financial Bid | After Technical Evaluation |

RFP(Tender Document) And Other Details Shall Be Available On Website- www.mptenders.gov.in

Corrigendum /Amendments, If Any Would Be Published On Website Only.

Conditional Tenders will not be accepted. JMC reserves all rights to reject whole or part of the Proposal and to modify the terms and conditions. **Excutive Engineer (Hoarding) Jabalpur Municipal Corporation**


# नर्मदा परिक्रमा पर निकले पाटन क्षेत्र के श्रद्धालु



**पाटन।** गीता धाम नरसिंह मंदिर शिष्य परिवार के शहपुरा, पाटन क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सदस्यों के दल ने 20 दिवसीय नर्मदा परिक्रमा पर झांसी घाट दक्षिण तट से प्रस्थान किया। नरसिंहपीठाधीश्वर जगद्गुरू नरसिंहदेवाचार्य जी के आशीर्वाद से यात्रा का शुभारंभ हुआ, शिष्य परिवार के जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, पूर्व जनपद सदस्य वीणा शुक्ला, गौरीशंकर तिवारी, राघवेन्द्र शुक्ल सहित 40 सदस्य परिक्रमा में सहभागिता कर रहे हैं,आयोजक परिवार के अनुसार सभी श्रद्धालु पतित पावनी मां नर्मदा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक स्वरूप का दर्शन करेंगे, प्रतिदिन नर्मदा पुराण महात्म्य पर प्रवचन होगा।

## डॉ. कमलेश व्यास को दी गई विदाई



**पनागर।** शासकीय वरिष्ठ बुनियादी शाला पनागर के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. कमलेश व्यास अपनी 34 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और विभिन्न सामाजिक व शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. व्यास की दीर्घ सेवाओं, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के दौरान सहकर्मियों ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रवि पटेल, प्रदीप पटेल दोनों के पिता स्व. श्री दिलीप पटेल, श्रीमति जमना बाई पत्नि स्व. श्री दिलीप पटेल, निवासी महाराजपुर पुरानी बस्ती हरदौल मोहल्ला जबलपुर म.प्र. के स्वामित्व की भूमि मौजा महाराजपुर नं. 664 पटवारी हल्का नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 117 रकवा 7 एकड़ 87 डिसमिल जगदम्बा कॉलोनी तहसील व जिला जबलपुर के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका क्रमांक 4473/2026 (स्व. दिलीप पटेल द्वारा वारसान विरूद्ध स्व. अमर सिंह जाट द्वारा वारसान) में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 13.02.2026 के द्वारा स्व. अमर सिंह जाट के वारसान श्रीमती सरीता जाट पति स्व. अमर सिंह जाट, आकांक्षा जाट, गौरव जाट, सौरभ जाट सभी के पिता स्व. अमर सिंह जाट, राजू सिंह, गुल्लू सिंह, रेनु सिंह तीनों के पिता स्व. विजय सिंह, श्रीमती राजकुमारी पत्नि स्व. विजय सिंह, श्री रिंकु, आशीष, पूनम तीनों के पिता स्व. किशन सिंह, राजनाथ, अजीत जाट, राम जाट, पप्पू जाट, श्रीमती संजीला सभी के पिता स्व. दूधनाथ, श्री बलजीत, श्री वीरेन्द्र सिंह दोनों के पिता स्व. दमडी लाल को आदेशित किया है कि उक्त सभी प्रतिवादीगण जो कि याचिका में प्रतिवादी 1 से 15 है उपरोक्त विवादित प्रापर्टी में यथास्थिति बनाकर रखें एवं किसी अन्य व्यक्ति का हित सृजित न करे। यह की कोई भी व्यक्ति वित्तीय संस्थान आदि प्रतिवादिगण से उक्त विवादित संपत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें अन्यथा उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किया गया संव्यवहार अपने आप में शून्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

**श्रीमती मंजीत पी.एस.चक्कल** (अधिवक्ता)
**बंगलो नं.7, चौथा मिल,**
**मंडला रोड, जबलपुर मो.9826118502**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**

**E-mail:- mp.eephedkat@gmail.com Phone No 07622-225752**

क्रमांक 506/का.यं./निप्रको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड/2026 कटनी, दिनांक 24/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**(क्रमांक-61/25-26)**

ई-टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर जिले के रीठी विकासखंड के मुरावल ग्राम में पुनरीक्षित जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्य सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन-संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म. प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61/25-26 | 2026_PHED _484834 | ग्राम गुरावल विकासखंड रीठी में पुनरीक्षित जलजीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना का शेष कार्य। | 41.81 | 50000 | 5000 | 04 माह |

ऑन लाईन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथी - 02/03/2026 17.30 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 03/03/2026 18.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्षित बेबसाईट पर (Online System) केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है।
निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**परियोजना खण्ड कटनी**
**फोन नं. 07622-225752**

**जी-26570/25** स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 941<br>Date-27/02/2026<br>2026_UAD_485634_1 | संभाग क्र. 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत सुनील श्रीवास्तव से गौरी शंकर मंदिर तक नाली निर्माण व कवर्ड का कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 4 माह<br>04.21 | 2000/-<br>4219/- | 20/03/2026 |
| 2 | PRO- 941<br>Date-27/02/2026<br>2026_UAD_485634_2 | संभाग क्र. 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत मनोज रंजानी के घर से अलोक श्रीवास्तव तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 4 माह<br>08.45 | 2000/-<br>8451/- | |
| 3 | PRO- 941<br>Date-27/02/2026<br>2026_UAD_485634_3 | संभाग क्र. 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत खजांची नगर जनता क्वार्टर एवं विभिन्न स्थानों पर सड़क का डामलीकरण से सुधार कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 4 माह<br>12.64 | 2000/-<br>9483/- | |
| 4 | PRO- 941<br>Date-27/02/2026<br>2026_UAD_485634_4 | संभाग क्र. 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत खेरमाई परिसर से व्यायाम शाला का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 4 माह<br>05.04 | 2000/-<br>5042/- | |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री(लोककर्म)**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू क्रमांक/18/ व.ले.लि./2025-26 डिण्डौरी दिनांक 24/02/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PWDRB _484638 | लो.नि.वि. उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले मार्गो का सर्वे. इंवेस्टिगेशन एवं डी.पो.आर. तैयार किये जाने का कार्य। | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 01 वर्ष | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2026_PWDRB _484639 | लो.नि.वि. उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले मार्गो का सर्वे. इंवेस्टिगेशन एवं डी.पो.आर. तैयार किये जाने का कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 | | |

**निविदा की तिथि एवं शर्ते :-**

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 25/02/2026 से 10/03/2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 10/03/2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 12/03/2026 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

**(मोहपत सिंह धुर्वे)**
**कार्यपालन यंत्री,**
**लो.नि.वि. संभाग, डिण्डौरी**

**जी-26574/25** स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता



**M.P. MEDICAL SCIENCES UNIVERSITY**

Medical College Campus Bhedaghat Road, NH-12
Jabalpur-482003 (MP), Contact : 0761-2670332, 2670334, 2670338, 2670340
E-mail : registrarmpmsu@mp.gov.in

क्रमांक/म.प्र.आ.वि.वि./कु.स./2026/807 जबलपुर, दिनांक : 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित सेवा/सामग्रीयों के लिए ऑनलाइन एम.पी. टेण्डर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है यथा:-

| स. क्र. | विवरण | निविदा क्रमांक | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा भरने की प्रारंभिक तिथि | निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Document for RATE CONTRACT FOR HIRING OF LOADER VEHICLE SERVICES | 2026_ MPMSU_ 484878_1 | 24.02.2026 | 13.03.2026, 11:00 AM | 26.03.2026 06:00 PM |
| 2. | Tender Document for RATE CONTRACT FOR HIRING OF PASSENGER VEHICLE SERVICES | 2026_ MPMSU_ 484841_1 | 24.02.2026 | 13.03.2026 11:00 AM | 26.03.2026 06:00 PM |
| 3. | Tender document for Printing and Supply of Complete Answer Booklets and Practical Answer Booklets | 2026_ MPMSU_ 484896_1 | 24.02.2026 | 13.03.2026. 11:00 AM | 26.03.2026 06:00 PM |

**नोट -** निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाओं में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित न की जाकर उक्त वेबसाइट के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mpmsu.edu.in** पर प्रकाशित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/124698/2026 कुलसचिव